**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 91**

**बुधवार, 07 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## जौनपुर जिले में औद्योगिक गतिविधियां

**91. श्री श्याम सिंह यादव:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि जौनपुर जिला अत्यधिक पिछड़ा जिला है, जो उद्योग और रोजगार के अवसरों की कमी से जूझ रहा है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा जौनपुर जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार का जौनपुर के लिए औद्योगिक विकास योजना लाने पर विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सोम प्रकाश)**

**(क) और (ख):** उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि जौनपुर सहित राज्य में उद्योगों के विकास के लिए कई उपाय शुरू किए गए हैं। निवेश मित्र और एमएसएमई अधिनियम-2020 के माध्यम से एमएसएमई को समयबद्ध मंजूरियां प्रदान की जाती हैं। सरकार ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) स्कीम की शुरूआत की है जिसके द्वारा जिलों के पारंपरिक उत्पादों की पहचान की गई है और चिह्नित उत्पाद से संबंधित उद्योगों के समग्र विकास पर बल दिया गया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (एमवाईएसवाई), ओडीओपी ऋण स्कीम और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना (वीएसएसवाई) आदि जैसी रोजगार सृजन स्कीमों को जौनपुर जिले के साथ-साथ पूरे उत्तर प्रदेश में कार्यान्वित किया गया है ताकि जिले में सूक्ष्म उद्यम की स्थापना हेतु सुविधा और प्रोत्साहन प्रदान किया जा सके।

**(ग) और (घ):** जौनपुर जिले के औद्योगिक विकास के लिए, राज्य सरकार द्वारा कुल 05 लघु और बड़े औद्योगिक एस्टेट विकसित किए गए हैं जिनका कुल क्षेत्र 26.656 एकड़ है। लघु और बड़े औद्योगिक एस्टेट में, विभिन्न उत्पादों से संबंधित इकाइयां प्रचालन में हैं। इसके अलावा 508 एकड़ में सथारिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (एसआईडीए) का विकास किया गया है जिसमें

विभिन्न उत्पादों से संबंधित इकाइयां स्थापित हैं। उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध ब्यौरे के अनुसार जौनपुर जिले में कुल 18,573 इकाइयां स्थापित हैं जिसमें 1,61,601 रोजगार अवसरों का सृजन हुआ है।

*****